भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **781**

दिनांक 21 नवम्बर , 2019 / 30 कार्तिक, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना के अंतर्गत उत्कल विमानपत्तन

781. श्री बसंत कुमार पांडा:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का उड़ान योजना में उत्कल विमानपत्तन को शामिल करने का कोई प्रस्ताव है; और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) इसमें सम्मिलित राशि कितनी है और इसे प्रारंभ करने के लिए संभावित समय कितना होगा?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) तथा (ख): ओडीशा में उत्कल हवाईअड्डा का नाम क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना (आरसीएस) - उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) दस्तावेज में शामिल है। आरसीएस - उड़ान योजना के अंतर्गत बोली प्रक्रिया के प्रथम चरण में, उत्कल को भुवनेश्वर और रायपुर से जोड़ने वाले आरसीएस मार्ग चयनित एयरलाइन प्रचालकों (एसएओ) को प्रदान किए गए थे। तथापि, चयनित एयरलाइन प्रचालकों (एसएओ) द्वारा एसएओ करार का अनुपालन न किए जाने के कारण क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा नेटवर्क को रद्द कर दिया गया था। इस योजना के अंतर्गत बोली प्रक्रिया के आगामी चरणों में उत्कल से आरसीएस उड़ानें प्रचालित करने के लिए किसी भी एयरलाइन ने प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किए हैं। यदि भावी चरणों में उत्कल से आरसीएस उड़ान प्रचालित करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त होता है तो आरसीएस दस्तावेज के प्रावधानों के अनुसार उसपर विचार किया जाएगा। एसएओ आरसीएस - उड़ान प्रचालनों के आरंभ होने पर व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण के लिए पात्र होगा।

*****